कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत पारेषण मण्डल–द्वितीय
उत्तर प्रदेश पावर ट्रॉसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड
पनकी–कानपुर
**GSTIN : 09AAACU8823E1Z9**
Email. ID : seetc2knp@gmail.com / मो0 नं0 7571849040

पत्रांक– 1874 /वि0प्रे0मं0द्वि0प0 (का0)/टी0–1 दिनांक 24/8/22

**विषयः– निविदा प्रकाशन हेतु ।**

विज्ञापन व्यवस्थापक,
**1– स्वतन्त्र चेतना कानपुर।**
**2– द पायनियर, लखनऊ ।**

महोदय,

कृपया संलग्न विज्ञापन अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र में दिनांक शीघ्रतम अंक में कम से कम स्थान में (हिन्दी भाषा के समाचार पत्रों के लिये 8–10 प्वाइन्ट टाइप में तथा अंग्रेजी के समाचार पत्रों के लिये 6–8 प्वाइन्ट टाइप में) समाचार पत्र के केवल एक कालम में प्रकाशित करने की व्यवस्था करें । हैडिंग व नीचे का नाम व पता यथा सम्भव एक ही लाइन मे रनिंग मैटर के रूप में कम से कम स्थान में प्रकाशित करें ।

1. निविदा सूचनाओं का प्रकाशन निविदा हेतु निर्धारित पृष्ठ पर ही करने की व्यवस्था करें ।
2. प्रकाशन के बाद विज्ञापन आदेश की प्रथम मूल प्रति प्रकाशन हेतु प्रेषित सामग्री की मूल प्रति के साथ विज्ञापन शुल्क का बीजक तीन प्रतियों में अग्रिम भुगतान प्राप्ति रसीदी टिकट सहित प्रकाशित विज्ञापन की दो सम्पूर्ण बाउचर प्रतियाँ संलग्न करते हुये भुगतान हेतु अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत पारेषण मण्डल, द्वितीय उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, पनकी, कानपुर को प्रेषित करें । विज्ञापन आदेश की प्रथम प्रति के स्थान पर फोटो प्रति प्रेषित करने पर सत्यापन/भुगतान सम्भव नही होगा ।
3. अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत पारेषण मण्डल, द्वितीय उ0 प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, पनकी, कानपुर द्वारा सम्बन्धित बिलों को पारित करने के पश्चात पारित बिलों को भुगतान सम्बन्धित खण्ड के द्वारा मुख्यालय से धन प्राप्ति के पश्चात् किया जायेगा।
4. संलग्न हिन्दी भाषा की विज्ञापन सामग्री का प्रकाशन अंग्रेजी भाषा के समाचार पत्र में केवल हिन्दी भाषा में ही किया जायेगा
5. विज्ञापन प्रकाशित होते ही विलम्बतः एक सप्ताह के अन्दर प्रकाशित विज्ञापन की एक कटिंग अधोहस्ताक्षरी को सूचनार्थ अवश्य भेज दी जाय अन्यथा सम्बन्धित बीजक का सत्यापन/भुगतान नही किया जायेगा ।
6. यदि आपको सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश तथा विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय, भारत सरकार द्वारा विज्ञापन दरें स्वीकृत न हों तो कृपया विज्ञापन का प्रकाशन न करें । अधोहस्ताक्षरी को अविलम्ब इस आशय की सूचना देने का कष्ट करें ।
7. विज्ञापन के अन्त में सबसे छोटे टाइप में "राष्ट्र हित में बिजली बचायें" का नारा तथा इस विज्ञापन आदेश की संख्या व दिनांक अवश्य प्रकाशित करें ।
8. उक्त निर्देशों के विपरीत तथा गलत अथवा भद्दे ढंग से प्रकाशित किये गये विज्ञापनों में कारपोरेशन द्वारा नियमानुसार आवश्यक कटौती की जा सकती है अथवा सम्पूर्ण बीजक का भुगतान रोका/निरस्त किया जा सकता है ।

संलग्न :– विज्ञापन आदेश प्रथम व द्वितीय प्रति ।

भवदीय

(सुनील चन्द्र मिश्र)
अधीक्षण अभियन्ता (पारे0)द्वितीय

प्रतिलिपि विज्ञापन सामग्री सहित निम्नांकित को सूचनार्थ एवं कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. मुख्य अभियन्ता (पा0द0म0), उ0 प्र0 पावर ट्रॉसमिशन कारपोरेशन लि0, झाँसी ।
2. कोषा लिपिक सम्बन्धित खण्ड कार्यालय /सम्बधित निविदा पत्रावली/कट फाइल/ नोटिस बोर्ड।

(सुनील चन्द्र मिश्र)
अधीक्षण अभियन्ता (पारे0)द्वितीय

Scanned with OKEN Scanner

# उत्तर प्रदेश पावर ट्राँसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड

## निविदा सूचना

**निविदा संख्या–टी–33/ETC-II(K)/2022-23** विद्युत पारेषण खण्ड–द्वितीय कानपुर के खण्डीय कार्यों हेतु एक अदद् डीजल चलित हल्का वाहन ड्राइवर सहित **(08 माह के लिए)** उपलब्ध कराने का कार्य एवं **निविदा संख्या–टी–34/ETC-II(K)/2022-23** विद्युत पारेषण खण्ड–द्वितीय कानपुर के अर्न्तगत उपखण्ड अधिकारी, विद्युत पारेषण उपखण्ड–तृतीय, 132के०वी० उपसंस्थान कृष्णानगर हेतु एक अदद् डीजल चलित हल्का वाहन ड्राइवर सहित **(08 माह के लिए)** उपलब्ध कराने का कार्य। निम्नलिखित कार्य सम्पादन हेतु अनुभवी, दक्ष एवं व्यापारकर/सेवाकर में पंजीकृत ठेकेदारों से **दिनाँक 22.09.2022 अपरान्ह 12.00 बजे** तक दो अलग–अलग भागों में मुहरबन्द निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं। निविदायें उसी दिन **दिनाँक 22.09.2022 अपरान्ह 15:00 बजे** अधोहस्ताक्षरकर्ता अथवा नामित अधिकारी द्वारा सार्वजनिक रूप से उपस्थित निविदादाताओं/प्रतिनिधियो के समक्ष मण्डल कार्यालय में खोली जायेगीं। लिफाफे पर फर्म का नाम, निविदा संख्या, भाग प्रथम एवं द्वितीय एवं खुलने की तिथि स्पष्ट अंकित होनी चाहिये। निविदा के प्रथम भाग में धरोहर धनराशि **NEFT/RTGS** के रूप में **अधिशासी अभियन्ता, विद्युत पारेषण खण्ड–द्वितीय, कानपुर (IFSCODE-PUNB0103500 A/C No-1035002100001555)** के पक्ष में बन्धक हो तथा निविदा के दूसरे भाग में दरें व शर्तें होगी । धरोहर धनराशि के अभाव में निविदा का दूसरा भाग नहीं खोला जायेगा । अधोहस्ताक्षरकर्ता को सम्पूर्ण निविदा या उसके किसी अंश को बिना कारण बताये स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है । निर्धारित तिथि में अवकाश पड़ने पर सारी प्रकिया अगले कार्यदिवस में सम्पन्न होगी। **कार्य का विवरण नोटिस बोर्ड पर भी देखा जा सकता है।** निविदा प्रपत्र का मूल्य तथा जीएसटी अलग से देय होगा । निविदा प्रपत्र निविदा खोलने के एक दिन पूर्व तक प्राप्त किये जा सकते हैं। **निविदा संख्या–टी–33/ETC-II(K)/2022-23 की धरोहर धनराशि रू0–4000/– (रू० चार हजार मात्र।) निविदा मूल्य जी0एस0टी0 सहित रू० 590/–(रू० पाँच सौ नब्बे मात्र।)एवं निविदा संख्या–टी–34/ETC-II(K)/2022-23 की धरोहर धनराशि रू0–3800/– (रू० तीन हजार आठ सौ मात्र।) निविदा मूल्य जी0एस0टी0 सहित रू० 590/–(रू० पाँच सौ नब्बे मात्र।)** धनराशि नियमानुसार देय होगी।

अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत पारेषण मण्डल द्वितीय, पनकी, कानपुर

Published on dated
25.08.2022

" राष्ट्र हित में बिजली बचायें "

Scanned with OKEN Scanner